समाचार

# महापौर ने हितग्राहियों को किया राशन कार्डो का वितरण




कोरबा 16 जुलाई 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज दर्री जोन कार्यालय में हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी तथा एम.आई.सी.सदस्यगण व पार्षदगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन कार्यालय में आज हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किए तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनका कुशल क्षेम पूछा। राशन कार्ड वितरण के पश्चात महापौर श्री प्रसाद ने जोन कार्यालय का निरीक्षण किया तथा जोन कार्यालय में किए जा रहे कार्यो, शिकायतों के निराकरणआदि की विस्तार से जानकारी लेते हुए जोन कार्यालय की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण किए जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, प्रदीप राय जायसवाल, सुनील पटेल, रोपा तिर्की, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पार्षद अरूण वर्मा, पुष्पादेवी कंवर, विजय साहू, सुधीर जैन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अमरदास, सरस्वती कंवर आदि के साथ हितग्राहीगण व निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

<u>पुष्पपल्लव कालोनी बस्ती का किया निरीक्षण–</u> महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ दर्री जोन के वार्ड क. 49 स्थित पुष्पपल्लव कालोनी बस्ती का दौरा किया, वहां के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उक्त बस्ती में वर्तमान में विद्युतपोल स्थापित न होने के कारण विद्युत सुविधा की अस्थाई व्यवस्था चल रही है, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने विद्युत वितरण विभाग के कार्यपालन अभियंता

को मोबाईल फोन किया तथा मौके पर विभाग के सहायक अभियंता पहुंचे, महापौर श्री प्रसाद ने इस समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक विद्युत खंभों की स्थापना किए जाने के संबंध में त्वरित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश उन्हें दिए ताकि इस समस्या का स्थाई समाधान होने से लोगों को बिजली जैसी आवश्यक सुविधा का लाभ स्थाई रूप से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुनील पटेल, प्रदीप राय जायसवाल, रोपा तिर्की के साथ–साथ डॉ.सुधीर जैन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।